**खबर संक्षेप**

## कलेक्टर ने की निःक्षय अभियान की समीक्षा

**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने शुक्रवार को निःक्षय अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में जिले में टीबी उन्मूलन के चल रहे कार्यों की समीक्षा की गई और आगामी योजनाओं पर चर्चा हुई। कलेक्टर ने कहा कि टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत मंडला जिले की 212 पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया जाना है। इस दौरान उन पंचायतों को पुरूस्कृत करने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. केसी सरौते, निःक्षय शिविर अभियान के नोडल अधिकारी सहित संबंधित उपस्थित थे। कलेक्टर मिश्रा ने निर्देशित किया कि जिन पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया जाना है, वहां समुदाय स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जाए और समय पर स्क्रीनिंग एवं उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि टीबी मुक्त घोषित होने वाली पंचायतों को विशेष रूप से पुरूस्कृत किया जाएगा, जिससे अन्य पंचायतों को भी प्रेरणा मिलेगी। बैठक में चर्चा के दौरान कलेक्टर ने 24 मार्च को 'विश्व टीबी दिवस' के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य शिविरों, जागरूकता रैलियों, नुक्कड़ नाटकों और कार्यशालाओं का आयोजन करें, ताकि अधिक से अधिक लोग टीबी के लक्षणों, बचाव और उपचार के बारे में जागरूक हो सकें।

## 1 लाख 83 हजार रूपए के विभिन्न कार्यों का प्रस्ताव पारित

**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा की अध्यक्षता में बस्ती विकास योजना के अंतर्गत अनुसूचित जनजाति वर्ष 2024-2025 की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के जनप्रतिनिधियों के 1 लाख 83 हजार रूपए के विभिन्न कार्यों के प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गये। बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते, बिछिया विधायक श्री नारायण सिंह पट्टा, निवास विधायक श्री चैनसिंह वरकड़े शामिल हुए। कलेक्टर कक्ष में संपन्न हुई इस बैठक में एसी ट्राईबल, श्री जयदत्त झा, श्री रंजीत गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## 'एक देश एक चुनाव' विषय पर जिला स्तरीय कार्यक्रम 22 मार्च को

**मण्डला।** युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय भारत सरकार के सौजन्य से विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम के अंतर्गत 'एक देश एक चुनाव' विषय पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंडला के सभागार में 22 मार्च को प्रातः 10:30 बजे से आयोजित किया गया है।

## म.प्र. में स्कूलों की स्थानीय निधि के आडिट को लेकर विवाद

# शिक्षा विभाग में ऑडिट को लेकर लापरवाही?



कार्यालय सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग मंडला



कार्यालय संभागीय उपायुक्त जनजाति कार्य विभाग तथा अनुसूचित जाति विकास
कलेक्टर कार्यालय के बाजू में जबलपुर संभाग,जबलपुर
दूरभाष क्रमांक 0761-4113391 ईमेल-dctwdjbp@mp.gov.in



शिक्षक-व्याख्याता एवं प्राचार्य संवर्ग मप्र
G-5आशीर्वाद अपार्टमेंट,37-38कैलाश पार्क कॉलोनी,गीता भवन मंदिर के पास,इन्दौर
ई-मेल:prilect2020@gmail.com मोब न:+919179183003
शिववीर सिंह भदौरिया , प्रांतीय संयोजक

*** जिला प्रशासन से जांच की मांग।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

म.प्र. के शिववीर सिंह भदौरिया, प्रांतीय संयोजक ने प्रमुख सचिव, आयुक्त, मप्र शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, भोपाल को पत्र भेजकर मप्र महालेखाकार ऑडिट टीम द्वारा स्कूलों की स्थानीय निधियों के आडिट पर आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि आडिट टीम द्वारा प्राचार्यों को कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं, जो नियमों के खिलाफ है।

श्री भदौरिया ने अपनी शिकायत में कहा कि एजीएमपी ऑडिट टीम ने कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी के साथ-साथ स्कूलों की निधियों के आडिट के लिए प्राचार्यों को बुलाया और बिना उचित आक्षेपपूर्ति के ही निधि को मान्य कर हस्ताक्षर कर दिए। उनका कहना था कि एजीएमपी ऑडिट टीम को केवल कार्यालय बीईओ का आडिट करने का ही पत्र जारी किया गया था, न कि स्कूलों की निधियों का। श्री भदौरिया ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न बीईओ कार्यालयों से एजीएमपी ऑडिट टीम के नियम विरुद्ध आडिट के लिए पत्र जारी किए गए हैं, जिसकी जांच की आवश्यकता है।

इस संदर्भ में मंडला के सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग मण्डला ने भी एक पत्र जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि वित्तीय वर्ष 2018-19 से 2023-24 तक की अवधि का निरीक्षण किया जाना है। इसमें स्थानीय निधि, रोकड़ पंजी, पासबुक, बिल और व्हाउचर को व्यवस्थित करने की बात की गई है।

इसके अलावा जबलपुर संभागीय उपायुक्त जनजाति कार्य विभाग द्वारा भी एक पत्र जारी किया गया है, जिसमें कहा गया है कि आयुक्त जनजातीय कार्य भोपाल के निर्देशानुसार कार्यालय द्वारा गठित दल का निरीक्षण 2021-2022 एवं 2022-2023 के लिए किया जाएगा।

इस पूरे मामले को लेकर विभाग में चर्चा तेज हो गई है कि इस आडिट के पीछे क्या उद्देश्य है। क्या यह केवल एक औपचारिक प्रक्रिया है या इसके माध्यम से कुछ और इरादा है? जिला प्रशासन से इस मामले की गहराई से जांच करने की मांग की जा रही है, ताकि पूरी स्थिति स्पष्ट हो सके।

यह विवाद शिक्षा विभाग और प्रशासन के बीच नए सवाल उठाने का कारण बन गया है, और इस मामले की सूक्ष्मता से जांच करने की आवश्यकता महसूस हो रही है।

## मंडला के सामुदायिक पोषण वाटिका के कार्यों की राज्य स्तर पर सराहना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

शासन की मंशानुरूप जिला प्रशासन और स्वयंसेवी संस्थाओं के सतत प्रयास से मंडला जिले का नाम नवाचार और अच्छे मॉडल के लिए सुर्खियों में आ रहा है। भूमिहीन एवं अतिगरीब परिवारों के आजीविका निर्माण और पोषण को बढ़ाने के लिए सामुदायिक पोषण वाटिका स्थापित कर, किए गए प्रयासों को राज्य स्तर पर सराहा गया है। शासन के निर्देशानुसार और मनरेगा, आजीविका मिशन और प्रदान संस्था के संयुक्त तत्वाधान में राज्य में 2000 सामुदायिक पोषण वाटिका का संचालन किया जा रहा है। गांव में उपलब्ध पड़त सामुदायिक भूमि को भूमिहीन एवं अतिगरीब परिवारों के स्व-सहायता समूहों को दिया गया है। रोजगार गारंटी, आजीविका मिशन, प्रदान संस्था और अन्य विभागों के समन्वय से यहाँ पर फलदार पौधे जैसे आम, नीबू, अमरूद, लगाये गये साथ ही औषधीय पौधे जैसे नीम, सब्जी और मिलेट्स की खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। यह खेती पूर्णरूप से जैविक और प्राकृतिक तरीके से की जा रही है। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में मंडला जिले में इस प्रकार के कुल 27 सामुदायिक पोषण वाटिका स्थापित है जिससे 315 परिवारों को लाभ मिल रहा है। साथ ही इससे लगभग 100 एकड़ पड़त भूमि को उपजाऊ किया गया है। मॉडल वाटिका के रूप में राज्य स्तर पर 200 और जिला स्तर पर 11 वाटिकाओं को विकसित किया गया है।

21 मार्च को विकास भवन भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई थी। इसमें राज्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिलों को अपने कार्य की प्रस्तुति करने का अवसर मंडला जिले को भी प्राप्त हुआ था। मंडला जिले की ओर से जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री श्रेयांश कूमट ने सीएनजी के विषय पर प्रस्तुति दी, जिसे राज्य स्तर पर सराहा गया। साथ ही मंडला से मॉडल सामुदायिक पोषण वाटिका सकरी के सदस्यों सम्मल बाई एवं हरिवती ने पोषण वाटिका से संबंधित अपना अनुभव साझा किया। इस कार्यक्रम में सहायक यंत्री, एपीओ, आजीविका मिशन ब्लॉक प्रबंधक, सरपंच, स्वसहायता समूह की दीदीयाँ सामुदायिक पोषण वाटिका एवं प्रदान टीम के सदस्य शामिल हुए।

मंडला जिले द्वारा पोषण वाटिका के कार्य को बेहतर क्रियान्वित किये जाने हेतु विभागों की मुख्य भूमिका में मनरेगा, आजीविका मिशन, उद्यान विभाग, कृषि विभाग, प्रदान संस्था से साझा प्रयास कराते हुए कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में उक्त कार्य का सम्पादन किया गया।

## चुटका परमाणु विद्युत परियोजना से घुर्रा टोला को शामिल करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज



ग्राम चुटका के घुर्रा टोला पाणीवाडा के लोग ने ग्राम टाटी घाट की आबादी भूमि से बसे हुए हैं क्योंकि बरगी जलाशय से विस्थापित होने के बाद ग्राम में शेष भूमि ना रहने के कारण ग्राम टाटी घाट की आबादी भूमि में लगभग 40 वर्ष से मकान बनाकर अपना जीवन यापन कर रहे हैं हम लोगों की कृषि भूमि ग्राम चुटका टाटी घाट एवं कुडा में थी जिसे चुटका परमाणु विद्युत परियोजना के लिए अधिग्रहण की जा चुकी है मात्र मकान शेष बचे हुए हैं जो बरगी जलाशय के पानी से तीनों ओर से घिरा हुआ है जिस ओर से आना जाना है वहां पर परियोजना की बाउंड्री बाल लग जाएगी तो हमारा आना-जाना बंद हो जाएगा जिससे हमारे जीविका का के साधन समाप्त हो जाएंगे एवं स्कूलों बच्चों को आने-जाने में पढ़ाई के लिए परेशानी का सामना करना पड़ेगा मोहल्ले से लगभग 50% भूमिहीन लोग निवास कर रहे हैं जो अधिग्रहण की गई जमीन में मजदूरी कर अपना जीवन यापन कर रहे हैं इस जानकारी के पूर्व में कई बार उच्च अधिकारियों को दी गई थी जिसे अनुभागी अधिकारी निवास एवं परियोजना के अधिकारियों द्वारा मौके में जाकर निरीक्षण किया गया था बाद में राजस्व विभाग एवं पीडब्ल्यूडी विभाग के द्वारा मोहल्ले का दो बार सर्वे कर किया गया है पर अभी तक हमारे लिए कोई कार्यवाही नहीं की गई आपके द्वारा दिनांक 11 3.2025 को टाटीघाट यादव मोहल्ला का पुनः सर्वेकर कराया गया है पर हम लोग के मकानों को छोड़कर दिया गया है जबकि दोनों मोहल्ला एक ही जमीन में एक ही टापू में बसे हुए हैं और हमारे आने जाने का रास्ता भी एक है यह टाटी घाट का ही एक भाग है अतः जिला कलेक्टर महोदय से निवेदन है कि मौके में पुनः जांच कर घुर्राटोला पाणीवाडा के लगभग 20 मकान को चुटका परमाणु विद्युत परियोजना के द्वारा विस्थापन करने का कष्ट करें।

## रंग पंचमी पर अग्रवाल महिला मंडल ने सतरंगी खुशियों से रंगा मंडला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



अग्रवाल महिला मंडल द्वारा रंग पंचमी के पावन अवसर पर भव्य रंग उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन रपटा घाट स्थित गोड़ी पब्लिक ट्रस्ट के हॉल में आयोजित किया गया, जिसमें समाज की महिलाओं ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया।

कार्यक्रम का सफल संयोजन अवनी अग्रवाल और नैंसी अग्रवाल के नेतृत्व में किया गया। रंगोत्सव में महिला मंडल की सदस्यों ने पारंपरिक परिधानों में सजकर सामूहिक रूप से होली गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया और एक-दूसरे को रंग-अबीर लगाकर आपसी सौहार्द का संदेश दिया।

विशेष आकर्षण रहा बरसाने की पारंपरिक होली का दृश्यांकन। कार्यक्रम में महिलाओं ने बरसाने में खेली जाने वाली पाँच प्रकार की होली – लट्ठमार होली, फूलों की होली, रंगों की होली, फाग गीतों की होली और छड़ीमार होली – का जीवंत रूपांतरण प्रस्तुत किया। इन झांकियों और प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी लोगों को उत्तर भारत के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक होली महोत्सव की सैर करवा दी।

इसके अलावा महिलाओं द्वारा विभिन्न मनोरंजक खेल, गीत-संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिससे माहौल में रंगों के साथ-साथ उमंग और ऊर्जा का संचार हुआ।


कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी महिलाओं ने आपसी भाईचारे, प्रेम और एकता को बनाए रखने का संकल्प लिया। आयोजकों ने बताया कि ऐसे आयोजनों से न केवल समाज में सौहार्द बढ़ता है, बल्कि महिलाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने और सामाजिक जुड़ाव का अवसर भी मिलता है।

अग्रवाल महिला मंडल की इस पहल की सभी ने सराहना की और कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

**अतिक्रमण** | **ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थानों पर हो रहे अतिक्रमण चिंता का विषय**

# रंगमंच अतिक्रमण की चपेट में





*** शहरी क्षेत्रों में तो पैसे में मिल जाते हैं मेरिज लॉन व हॉल।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

सार्वजनिक उपयोग के स्थानों पर अवैध रूप से कब्जा करने के जिले में अनेकों मामले की शिकायत लगातार की जाती है लेकिन संबंधित विभाग असहाय नजर आ रहा है। शहरी क्षेत्रों में तो पैसे वालों के लिए अनेक मैरिज लॉन एवं विभिन्न आयोजनों के लिए हॉल, हॉटल उपलब्ध हो जाते हैं लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में शादी, विवाह आदि आयोजनों के लिए स्थानों को संरक्षित नहीं किया जा रहा है। ऐंसे सार्वजनिक स्थानों को अतिक्रमण से मुक्त कराने की जिम्मेदारी शासन प्रशासन की है इस ओर ध्यान दिया जाना चाहिए। बढ़ती जनसंख्या के चलते कई बार तो एक गॉव में चार पॉच विवाह उत्सव एक ही तिथि में निर्धारित होते हैं और सार्वजनिक स्थान अतिक्रमण की चपेट में होते जा रहे हैं जो चिन्ता का विषय है। ऐंसे ही एक मामले की शिकायत ग्राम पंचायत इमलीगोहान के लोगों के द्वारा लगातार की जा रही है यहॉ भटियाटोला में विधायक निधि से निर्मित रंगमंच व सीसी रोड को बाधित करते हुए अतिक्रमण कर निर्माण किया जा रहा है जिससे आवागमन में परेशानी हो रही है। और ऐंसे में रंगमंच का उपयोग कैसे होगा तस्वीर से अंदाजा लगाया जा सकता है। मिली जानकारी के अनुसार उक्त स्थल के अतिक्रमणधारी को तहसीलदार द्वारा कब्जा हटाने का आदेश पूर्व में दिया जा चुका है, किन्तु अनावेदक मानने को तैयार नहीं है। पीड़ित ग्रामीणों की मॉग है कि पुलिस बल का उपयोग कर अतिक्रमण को शीघ्र हटाया जाये।

## मंडला में राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



जिला मुख्यालय के सूरजकुंड धाम, ग्राम सकवाह में आज मध्यप्रदेश केशरी राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में प्रदेश भर से आए महिला और पुरुष पहलवान अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता का उद्घाटन कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने कुश्ती के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह खेल शारीरिक और मानसिक विकास को बढ़ावा देता है। यह प्रतियोगिता क्षेत्र में खेल भावना को बढ़ावा देने और युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने का एक शानदार अवसर है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता के पहले दिन महिला वर्ग में सागर और सिवनी के पहलवानों के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। पुरुष वर्ग में इंदौर और इंदौर कॉपरेट के पहलवानों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जबकि हरदा और मंडला के पहलवानों के बीच भी जोरदार टक्कर देखने को मिली। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री देवसिंह सैयाम, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, जनपद पंचायत अध्यक्ष संतोष सोनू भलावी, नगरपालिका उपाध्यक्ष अखिलेश कछवाहा, भारतीय शैली कुश्ती संघ के अध्यक्ष गुलाब भदारिया, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संतोष कुशवाहा, तहसीलदार मंडला हिमांशु भलावी सहित स्थानीय ग्रामीणजन उपस्थित थे।



# विकास और स्वावलंबन का सब्जबाग़ दिखा आदिवासी क्रांति एकता दल समूह ने की 63 लाख रू.धोखाधडी, पीड़ितों ने एसपी से की शिकायत







**डिंडौरी न्यूज़**। वैसे तो आदिवासी बाहुल्य डिंडौरी जिले में ठगों के द्वारा आम जनता से लेकर पढ़े लिखो लोगों तक को इन दिनों तरह तरह की बातों में मोटी कमाई और रोजगार का झांसा देकर ठगने का धंधा आसानी से चल रही हैं,शासन प्रशासन की निष्क्रियता के चलते ठगों का धंधा सुगमता से फल फूल रहा हैं।

कुछ ऐसा ही ताजा मामला डिंडौरी जिले के समनापुर विकासखंड का सामने आया है। जहां आदिवासियों के साथ आदिवासी क्रांति एकता दल समूह के द्वारा किसानों से धान खरीदी और समूह बनाकर लाखों की धोखाधडी कर गरीबी किसानों को जिला प्रशासन के नाक के नीचे लुट का कारोबार किया गया है।

गौरतलब यह कि आदिवासी बाहुल्य जिला डिंडौरी में आदिवासियों किसानों को आदिवासी क्रांति एकता दल समूह के द्वारा लाखों रुपए का धोखाधड़ी किया गया जिसमें जिले के कई राजनीतिक चेहरा शामिल है।शिकायत करने आए पीड़ित किसानों ने पुलिस अधीक्षक से कर मामले की शिकायत कर मामले की निष्पक्ष जांच कर धोखाधड़ी करने वालों की विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

## ये रहा पूरा मामला....

दरअसल ग्रामीणों के द्वारा एसपी से की गई शिकायत पत्र में उल्लेख किया गया है कि आदिवासी क्रांति एकता दल संगठन के द्वारा किसानो से धान खरीदी कर किया गया और समूह बनाकर समूह से राशि जमा कराकर धोखाधड़ी की गई। किसानों से की खरीदी की गई लेकिन धान खरीदी की राशि किसानो को नहीं दिया गया।ग्रामीणों ने बताया कि संगठन का संचालक व संस्थापक आदित्य कोल (आदित्यराज कोबरा) पिता रामराज कोबरा निवासी वार्ड क्र. 12 ग्राम महावीर कालोनी अब्दुला गंज (अमोदा) तह. गौहारगंज, जिला रायसेन (मप्र.) का है।इस संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमति किरण मरकाम है। जो आदित्यराज कोबरा के साथ रहकर कार्य करती थी। निवासी वार्ड 06 मकान 03 ग्राम कजारा पों लेहगाढ्ढ, तह. तामिया जिला छिंदवाडा है। आरोप है कि आदित्य कोल के द्वारा अपना पत्नि बताकर श्रीमति रजनी भूसारे के खाता क्र. 68080100008231 बैंक ऑफ बडौदा शाखा नेहरू गंज इटारसी IFSC Code BARBOVJITAR में समूह के द्वारा जमा राशि को फोन पे के माध्यम से डलवाया गया ।

वहीं यह उक्त सभी कार्यक्रम गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष तुलेश्वर मरकाम वर्तमान विधायक तानाखार, (बिलासपुर) छ.ग. एवं गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के युवामोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल सिंह धुर्वे व गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष अमान सिंह पोर्ते सभी के संयुक्त आदेशानुसार समूह निर्माण व धान खरीदी का कार्य आदित्यराज कोबरा के द्वारा किया गया था।

शिकायतकर्ताओं ने बताया कि कार्यक्रम में हम लोगो को ग्राम कार्यकर्ता नियुक्त कर किसानो से धान क्रय करवाया गया व कुछ किसानो से स्वयं आदित्यराज कोबरा के द्वारा धान क्रय किया गया। जिसका भुगतान आज दिनांक तक नहीं किया गया। किसानो के भुगतान आदित्य राज कोबरा के द्वारा दिनांक 10.03.2025 दिन सोमवार को अपने मुख्यालय ग्राम सुंदरपुर अंगवार रोड समनापुर बुलाया गया था । परंतु सभी के पहुंचने से पहले ही आदित्य राज कोबरा मुख्यालय से फरार हो गया ।

आदिवासी क्रांति एकता दल के संस्थापक व संचालक आदित्य राज कोबरा के द्वारा विभिन्न जगहो जैसे- ग्राम मुकुटपुर गढी ब्लाक समनापुर, जिला डिण्डौरी में एवं अमरकंटक में दिनांक 08.12.2024 व 14.01.2025 को कार्यक्रम आयोजित कराया गया। इन कार्यक्रमों में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष तुलेश्वर मरकाम और अमान सिंह पोर्ते, (प्रदेशाध्यक्ष), अनिल सिंह पूर्व धुर्वे (युवामोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष), श्रीमति फूलवती करचाम (युवा महिला जिलाध्यक्ष), राजाबली मरावी (प्रदेश संगठन मंत्री), भोला सिंह आर्यो (मुखिया) उपस्थित रहे। वहीं किसानो व समूह के दीदीयों को उपस्थित नेताओं के द्वारा प्रेरित किया गया, कि इस संगठन में अपना धान का विक्रय करे एवं समूह में राशि एकत्र कर जमा करावे। जिसका भुगतान हमारे संगठन के द्वारा किया जायेगा व समूह में एकत्र की गई राशि में विशेष रूप से ब्याज दिया जायेगा। इन सभी नेताओं के झांसे में आकर भोली-भाली जनता अपना धान के फसल का विक्रय इनके संगठन में किये एवं समूह के द्वारा राशि जमा कराई गई, परंतु उसका आज दिनांक तक भुगतान नहीं किया गया।

## धोखाधड़ी कर कार्यक्रम का संचालक व संस्थापक फरार.....

कार्यक्रम का संचालक व संस्थापक ही फरार हो गया। इनका वाहन क्र. MP20T5599 है। आदित्य राज कोबरा के द्वारा हम लोगो को भुगतान हेतु कमल किशोर पन्द्रो ग्राम समनापुर के नाम का चेक जिसमें 1000000/-(दस लाख रूपये) अंकित कर दिया गया है। परंतु कमल किशोर पन्द्रो द्वारा हम लोगो को बैंक में चेक लगाने से मना किया गया । क्योंकि उसका कहना है कि मेरे खाते में आदित्यराज कोबरा के द्वारा मेरे खातें मे भी पैसा नहीं डाला गया है। साथ ही कमल पन्द्रो का ही 7 चेक जिसमे राशि अंकित नही है। इस प्रकार ग्रामीणों से धोखाधडी की गई है। साथ ही किसानो के धान को लाया गया जिसका भण्डारण तिरूपति राईस मिल समनापुर में कराया गया।

कार्यालय में बोरिंग कराया गया, ग्रामीणों के द्वारा किये गये कार्य का मानदेय देने का आश्वासन दिया गया था, जिसका भी भुगतान नहीं किया गया है। साथ ही जिन वाहनो से धान केन्द्र तक किराया भी भुगतान नहीं किया गया। दुलाई कराया गया उन वाहनों का हमारे द्वारा लगभग 2279.90 क्विंटल धान किसानो से एकत्र किया गया जिसकी राशि 63,87,720/- रू. भुगतान हेतु बकाया है। शिकायत करने आए ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक शिकायत कर किसानों धोखाधड़ी करने वालों की विरुद्ध जांच कर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला मूल्यांकन समिति की बैठक संपन्न

**डिंडौरी** । कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला मूल्यांकन समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। उक्त बैठक में सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, डिप्टी कलेक्टर रामबाबू देवांगन, जिला पंजीयक आर आर ताराम, उप पंजीयक राजेन्द्र कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने महानिरीक्षक पंजीयन मध्यप्रदेश द्वारा जारी निर्देशानुसार वर्ष 2024-25 में गाइडलाइन दरों से अधिक मूल्यों पर पंजीबद्ध हुए प्रकरणों की समीक्षा की गई। बैठक में अचल संपत्ति के बाजार मूल्य निर्धारण, पुनरीक्षित प्रस्ताव, पंजीयन, राजस्व वृद्धि, विशिष्ट क्षेत्रों में पंजीयन आदि पंजीयन संबंधी मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टक्र मारव्या ने शासन के नियमानुसार प्रस्ताव के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

### आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

**डिंडौरी** । भारत सरकार द्वारा 0 से 3 वर्ष की आयु के बच्चों को प्रारम्भिक बाल्यावस्था उद्दीपन शिक्षा एवं 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए प्रारम्भिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा के सुदृढीकरण हेतु पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम का शुभारम्भ 10 मई 2023 को किया गया।पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम सक्षम आंगनवाड़ी एवं मिशन पोषण 2-0 के तहत एक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है कार्यक्रम के तहत क्षमता संवर्धन के माध्यम से आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं में ईसीसीई पाठ्यक्रम और शैक्षणिक दृष्टिकोण की बुनियादी समझ विकसित करने के साथ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को विकास के आयाम शारीरिक और मोटर संज्ञानात्मक सामाजिक भावनात्मक नैतिक सांस्कृतिक एवं कलात्मक और बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता के मूल्यांकन में क्षमता वृद्धि कर सक्षम बनाना है। इस संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी श्याम सिंगौर ने बताया कि भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए ईसीसीई हेतु नेशनल करिकुलम 2024 आधारशिला एवं 0 से 3 वर्ष के बच्चों के लिए प्रारम्भिक बाल्यावस्था उद्दीपन के लिए नेशनल फ्रेमवर्क नवचेतना तैयार किये गये हैं। पोषण भी पढ़ाई भी के तहत आधारशिला एवं नवचेतना को आंगनवाड़ी केन्द्रों में क्रियान्वित करने के संबंध में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जायेगा, उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण 24 मार्च से 26 मार्च 2025 तक 100-100 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की अलग-अलग 19 बैच बनाकर परियोजना मुख्यालय पर दिया जायेगा। पोषण भी पढ़ाई भी के तहत प्रशिक्षण कार्य के लिए निपसिड संस्थान इन्दौर द्वारा परियोजना अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों को ऑफलाईन एवं ऑनलाईन प्रशिक्षण दिये जा चुके हैं।


# सहायक आयुक्त पर सरकारी राशि हड़पने का आरोप, डीएम ने दिए जांच के आदेश

**- जिला पंचायत उपाध्यक्ष अंजू ब्यौहार ने शिकायत कर लगाए करोड़ों रुपए हेराफेरी करने के गंभीर आरोप**

**डिंडौरी** । डिंडौरी जिले में भ्रष्टाचार का पर्याय बन चुके जनजाति कल्याण विभाग में पदस्थ सहायक आयुक्त डॉक्टर संतोष शुक्ला के कार्यप्रणाली को लेकर लंबे समय से सवाल उठाए जा रहे हैं।

लोकायुक्त छापे के बाद भूमिगत होने वाले शुक्ला एक बार फिर सफेदपोश नेताओं के गोद में बैठकर धांधली और फर्जीवाड़े कर करोड़ों रुपए का बंदरबांट कर रहे हैं, वहीं आदिवासी हितों की बात करने वाले क्षेत्र के दिग्गज नेता मूक दर्शक बन तमाशा देख रहे हैं।जिला पंचायत उपाध्यक्ष अंजू ब्यौहार द्वारा सहायक आयुक्त संतोष शुक्ला के विरुद्ध करोड़ों रुपए हेराफेरी करने का आरोप लगाते हुए लोकायुक्त, ईओडब्ल्यू, कमिश्नर से लेकर प्रदेश स्तर तक शिकायत पत्र की गई है । कलेक्टर नेहा मारव्या ने 11 मार्च 2025 को जांच आदेश जारी करते हुए सुनील शुक्ला अपर कलेक्टर, दीपक आर्मो कार्यपालन यंत्री आरईएस, दुर्गेश नंदन हजारिया जिला कोषालय अधिकारी को करोड़ों रुपए हेराफेरी करने संबंधी शिकायत की जांच का जिम्मा सौंपा है। कलेक्टर ने तीन सदस्यी जांच टीम को एक सप्ताह के भीतर सूक्ष्म परीक्षण कर विस्तृत जाँच प्रतिवेदन समक्ष प्रस्तुत करने के आदेश दिए हैं। अब देखना है कि जांच टीम को शुक्ला दस्तावेज उपलब्ध कराते भी है या यह मामला भी महज कागजी कार्रवाई में सिमट जाएगी।।आरोप है कि सहायक आयुक्त संतोष शुक्ला द्वारा पदस्थापना दिनांक 21/01/2021 तक लगातार आवंटित राशि का उपयोग उन्होने मनमाने तरीके से अपने रिश्तेदार एवं निर्माण कार्यों के नाम पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। डिंडौरी जिले में ट्रायबल डिपार्टमेंट के 54 विद्यालयों में स्मार्ट क्लास की राशि में स्वीकृत हुई है। जिसमें लघु उद्योग नियम में ब्रांड की कीमत 1.77 लाख जीएसटी लगभग 2 लाख के आसपास है। ऑनलाईन प्राईज गूगल में भी कीमत 2 लाख रु ही है।आलोक शुक्ला pro Solve Marketing And Constriction Bopal M.P. एक ही पार्टी को जैम में गलत तारीके से डायरेक्ट ऑर्डर दिया है,जो कि संदेहस्पद है।राशि रु 2 लाख की नॉन ब्रॉण्ड चाईना प्राडेक्ट जिसका सर्विस सेंटर नहीं है, 4.96 लाख की दर से बिल भुगतान किया गया है। छात्रावासों में 5 लाख की राशि आवंटित कर नाम मात्र कार्य कराकर संपूर्ण राशि का दबाव पूर्ण गबन किया गया है। एकलव्य विद्यालय में बिना निविदा प्रकाशन के नियुक्तियों इनके द्वारा की जा रही है जिसमें लोगों से नगद राशि लेकर नियुक्ति की जा रही है। बिना निविदा प्रकाशन के नियुक्ति करना नियम के विरूद्ध है। सहायक आयुक्त कार्यालय में पदस्थ दैनिक वेतन भोगी जो कि सहा.ग्रेड 02 को अपनी भर्ती दर्शाता है,जो कि एक कम्प्यूटर ऑपरेटर हैं , जो सहायक आयुक्त के काले भ्रष्टाचार को अंजाम देने का कार्य करता है।

दिनांक 15/07/2022 से 29/08/2022 का स्मार्ट क्लास का कार्य अपने रिश्तेदार की फर्म Pro Solve Marketing And Constriction Bopal M.P. आलोक शुक्ला के नाम पर 02 लाख के अनब्राण्डेड सामान का 05 लाख की खरीदी कर 3.5 करोड का गबन किया गया है। जिसमें अपने ग्रेड 02 बताए जा रहे भ्रष्टाचार में लिप्त कम्प्यूटर ऑपरेटर से आईडी बनाकर जेम पर ऑर्डर कराया। रत्नेश नामदेव सहायक आयुक्त कार्यालय में पदस्थ नहीं है, उसके जीमेल आईडी ratneshk.namdeo@mp.gov.in की है और तो payment authority detail constriction में पेमेन्ट Assistant grade-03 धुर्वे बाबू जिनकी gmail id randeets Dhurwey@mp.gov.in है। और तो payment authority detail में सहा ग्रेड 03 धुर्वे बाबू जिनकी ranjeets.dhurwey@mp.gov.in है। यहाँ स्मार्ट क्लास में सप्लाई नॉन ब्रान्ड मटेरियमल जिनका ओई एम. सटिफिकेट भी नहीं हैं




# जनजातीय कार्य विभाग के शिक्षकों की सार्थक एप में ऑनलाइन उपस्थिति सबसे ज्यादा

**डिंडौरी**। मध्यप्रदेश सरकार ने सरकारी कार्यालयों में फाइलों के अंबार को कम करने और जनता के हितों को ध्यान में रखकर निष्पक्षता से जनहितैषी कार्य को अंजाम देने के लिए ई गवर्नेंस सुशासन व्यवस्था का शुभारंभ किया गया। इसी क्रम में डिंडौरी कलेक्टर मारव्या सिंह के द्वारा ई गवर्नेंस सुशासन व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करते हुए लगातार जनहितैषी कार्य और प्रशासन की जवाबदेही तय करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश सरकार सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश के परिपालन में सार्थक एप आनलाईन उपस्थिति के आदेश जारी कर सभी अधिकारी और कर्मचारियों को समय सीमा में शासकीय कार्य संपादक करने के निर्देश दिया गया। कलेक्टर के आदेश के परिपालन में जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त संतोष शुक्ला और विकास खंड शिक्षा अधिकारियों ने शिक्षकों को सार्थक एप पर आनलाईन उपस्थिति देते हुए शैक्षणिक कार्य करने के आदेश के बाद डिंडौरी जिले में जनजातीय कार्य विभाग के शिक्षकों की उपस्थिति सबसे ज्यादा 3634 है। जिससे समझा जा रहा है कि 70% शिक्षकों ने अपनी उपस्थिति सार्थक एप पर आनलाईन दर्ज कर रहे है। वहीं पंचायत विभाग और महिला एवं बाल विकास की उपस्थिति भी सराहनीय है। प्रजातंत्र की सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा रहे स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा लापरवाही सामने आ रही है,अभी तक 65 कर्मचारियों ने सार्थक एप पर अपनी उपस्थिति दी है।ई गवर्नेंस सुशासन व्यवस्था सार्थक एप में आनलाईन उपस्थिति से जनमानस को काफी लाभ मिल रहा है और जनता के सभी विभागों के कार्य समय सीमा में पूरा हो रहें है।

# 7 दिन बाद कब्र से निकाला गया युवक का शव

### शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया जबलपुर मेडिकल कॉलेज



**शहपुरा** – डिंडोरी जिला के शहपुरा थाना अंतर्गत अमेरा गांव में 14 मार्च होली त्यौहार को युवक की अचानक मौत हो गई मौत के उपरांत 15 मार्च को कुछ परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार किया अंतिम संस्कार के दौरान कुछ परिजन मौजूद नहीं थे आकस्मिक मौत के कारण बहन और भाई ने शहपुरा पुलिस से मौत को लेकर हत्या का संदेह जताते हुए शहपुरा पुलिस को सूचना देते हुए पोस्टमॉडम करा और जांच कर कार्यवाही करने को लेकर आवदेन दिया था जिसके चलते एसडीएम के निर्देश पर युवक के मौत के सात दिन बाद शुक्रवार दोपहर 12:30 शव को अमेरा गांव के कब्र से निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए जबलपुर मेडिकल कॉलेज रवाना किया गया है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इस मामले का पूरा पता चल सकेगा।

शहपुरा पुलिस मामले की जांच में जुटी है

### इनका कहना है

मामले में बहन ने शिकायती पत्र दिया जिसके बाद शव को कब्र से निकलवा ,पीएम के लिये मेडिकल कॉलेज जबलपुर पहुचाया गया है पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद अग्रिम कार्यवाही जावेगी।

**अनुराग जामदार थाना प्रभारी शहपुरा**

# शहपुरा क्षेत्र में ओलावृष्टि से किसानों की फसले बर्बाद



**शहपुरा** – 21 माचे दिन शुक्रवार को डिंडोरी जिले में मौसम ने अचानक करवट ली है। गुरुवार से ही मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है, जहां कहीं ओले गिरे तो कहीं तेज आंधी चली और हल्की बारिश हुई। शुक्रवार को भी मौसम ऐसा ही बना रहा।शाम 4:30 बजे से शहपुरा क्षेत्र जैसे ग्राम टिकरिया जिमरा धारेगांव पड़रिया संचोली बरौदी बरौदा भीमपार जैसे गावों में जमकर ओलावृष्टि हुई है साथ ही क्षेत्र के इलाकों में तेज हवा के साथ भारी बारिश शुरू हो गई। शहपुरा क्षेत्र में तेज आंधी के साथ बारिश और भारी ओलावृष्टि भी हुई, ओले की चपेट में आने से पूरी तरह बर्बाद हो गई,जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसान की इस चिंता को देखते हुए किसान संघ के तहसील अध्यक्ष प्रमोद मौर्या ने किसानों की चिंता करते हुए शासन प्रशासन को जल्द से जल्द फसलों की सर्वे कर उनको मुआवजा राशि दिलाने को लेकर के और मांग की है।विशेषज्ञों का कहना है कि यह असमय बारिश और ओलावृष्टि फसलों के लिए नुकसानदायक साबित हो सकती है। किसानों को सलाह दी जा रही है कि वे अपनी फसलों को सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक कदम उठाएं।

# रानी अवंतीबाई की कर्मभूमि रामगढ़ में मनाया गया बलिदान दिवस



**अमरपुर**। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी देश की स्वाभिमान के लिए अंतिम सांस तक संघर्ष करने वाली वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी का बलिदान दिवस 20 मार्च को रानी अवंती बाई समिति द्वारा रानी अवंती बाई की कर्मभूमि रामगढ़ में मनाया गया। सर्वप्रथम प्राचीन राधा कृष्ण मंदिर में पूजन अर्चन पश्चात रानी अवंती बाई लोधी के तेलचित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके बलिदान दिवस मनाया गया। समिति अध्यक्ष महेंद्र ठाकुर ने कहा कि रानी अवंती बाई लोधी स्वाधीनता संग्राम में शहीद होने वाली पहली महिला वीरांगना थी। उनके आदर्शों पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि हैं। 1857 की क्रांति में रामगढ़ की महारानी अवंती बाई रेवांचल के मुक्त आंदोलन की सूत्रधार थी। अवंती बाई ने अंग्रेजों से ऐतिहासिक युद्ध किया। जो भारत की आजादी में बहुत बड़ा योगदान हैं। आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच वंदना ठाकुर, समिति सचिव धोबी सिंह परस्ते, गजराज महदेल, जी एस ठाकुर, अमरु सिंह ठाकुर, संजय जंघेला, लवकेश कुमार लोधी जिलाध्यक्ष लोधी समाज सतना, सुशील कुमार लोधी, गजेन्द्र सिंह लोधी, राम बहादुर लोधी, कमलेश लोधी, रामनरेश लोधी, रामप्रताप लोधी, दीपक कुमार सिंगरौल, मनीष ठाकुर, अशोक ठाकुर, देव सिंह भारती, ठाकुर सिंह, सुनील ठाकुर, बीना बर्मन, चमेली बर्मन, परवतिया वनवासी, नरेंद्र धुर्वे, राकेश बर्मन, डिगम्बर प्रसाद, दऊआ लाल वनवासी सहित भारी संख्या में महिला एवं पुरुष मौजूद रहे।



# नारकोटिक्स एवं अन्य नशीली दवाओं की रोकथाम के लिए जिला स्तरीय समिति बैठक संपन्न

**डिंडौरी** । कलेक्टर की अध्यक्षता में नारकोटिक्स एवं अन्य नशीली दवाओं की रोकथाम के लिए जिला स्तरीय समिति बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगनाथ मरकाम, सामाजिक न्याय एवं विकास अधिकारी श्याम सिंगौर, सीएमएचओ डॉ रमेश मरावी, आबकारी अधिकारी मंशाराम उइके सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें। कलेक्टर ने मादक पदार्थों की तस्करी की प्रवृति, अवैध खेती, एनडीपीएस अधिनियम के तहत पंजीबद्ध प्रकरणों सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा की। कलेक्टर ने जिले में गांजा, भांग आदि फसल की अवैध खेती की निगरानी करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए,उन्होंने स्कूल,कॉलेजों एवं अन्य स्थलों में अवैध रूप से उपयोग हो रहे मादक पदार्थों का पता लगाने एवं लोगों में मादक पदार्थों के विरूद्ध जागरूकता का प्रसार करने के लिए निर्देशित किया।एनडीपीएस अधिनियम के प्रावधानों, मादक फसलों की अवैध खेती से प्रभावित क्षेत्रों में वैकल्पिक कार्यक्रम के लागू करने, जिले में नशा मुक्ति एवं पुर्नवास केन्द्रों का निरीक्षण मिशन मोड में नियमित रूप से करने के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### नसबंदी शिविर का आयोजन

**नरसिंहपुर।** राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में माह मार्च 2025 में महिला एवं पुरुष नसबंदी- एनएसव्हीटी एनटीटी फिक्स डे स्टेटिक सेवा स्थल चिन्हांकित किया गया है। इसी क्रम में विकासखंड नरसिंहपुर के अंतर्गत 22 मार्च को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नरसिंहपुर का जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र करेली में महिला एवं पुरुष नसबंदी- एनएसव्हीटी एनटीटी फिक्स डे स्टेटिक सेवा स्थल चिन्हांकित किया गया है। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नरसिंहपुर ने दी है।

### पढ़ लिखकर रोजगार के आभाव में युवा अपने आपको परिजनों के प्रति महसूस कर रहे बोझ..?

**खुलरी।** नौजवानो में कुछ नया करने का जज्बा और समाज में बदलाव लाने की ताकत होती है,किन्तु जब उन्हे सम्मान,कोई काम नही मिलता है तो उम्मीदों से भरी उनकी ऑखो की चमक गायब होने लगती है और उनकी सक्रियता खत्म होने से वे परिवार पर बोझ बनने के साथ ही कुंठित होने लगते है। बदनसीबी की बात है कि शहर व क्षेत्र के गांवो में इन दिनों महँगाई के अलावा युवाओं की बेरोजगारी की समस्या आमलोंगो को परेशान कर रही है। बताया गया है कि क्षेत्र में कालेजों से डिग्रियॉ लेने वाले हजारों युवा लम्बे अरसे से बेरोजगारी का दंश झेल रहे है, हालत यह है कि जिला रोजगार कार्यालय में वर्षो से पंजीयन कराने के बाद भी उन्हे ऐसी छोटी नौकरी भी नही मिल पा रही है,जिसके सहारे वे अपने घरो में खुशिया बिखरा सके , शहर के हालात पर यदि नजर डाली जाए तो यह सच्चाई उभरकर सामने आने लगी है कि शहरों में चलने वाले कोचिंग सेन्टरो, महाविद्यालय, स्कूलो, सायवर कैफो से किताबी, तकनीकी ज्ञान प्राप्त कर हर वर्ष हजारों की तादाद में युवा निकलते है, पर वह प्रतिभा वान होने के बावजूद उनको नौकरी की तलाश में दर दर भटकना पड़ता है, इनमें से कुछ नौजवान अनचाहा धंधा करने लगते हैं और कुछ शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में प्रायवेट शिक्षण संस्थाओं के फैले शोषण के जाल में उलझ कम तनख्वाह लेकर बच्चों को पढ़ानें लगते है और बहुत से बेरोजगार युवा ऐसे भी होते है जो बेकारी से तंग होकर मजबूरी वश ऐसे अवैध काम करने लगते है, जो उनके स्वभाव के विपरीत होते है। क्षेत्र में बेरोजगारो की संख्या में ईजाफा होने के कारण नौजवानो के भविष्य को लेकर अब क्षेत्र में चिंता की लहर दौड़ती प्रतीत हो रही है। विदित हो कि क्षेत्र में जब फैक्ट्रियॉ लगी थी, तो ऐसा लगा था कि क्षेत्र में नए रोजगार के अवसरो का सृजन होगा, लेकिन दुर्भाग्य से उक्त उपक्रमो में क्षेत्रीय नौजवानो को 25 प्रतिशत भी नौकरियॉ नसीब नही हुई? जिसका नतीजा है कि क्षेत्र में निरंतर बेरोजगार युवाओं की फौज बढ़ती रही और बेरोजगारी की समस्या ने जाटिल रूप धारण कर लिया। गौरतलब है कि आमतौर पर नौजवान स्वाभिमानी, जोशीले होते है, इसलिए बेकारी से तंग होने के बावजूद वे अपने दर्द का इजहार करने में संकोच करते है मगर इस उलट हकीकत यह रहती है कि नेता व साधन सम्पन्न बेरोजगार युवाओं को उपेक्षित करने लगते है तथा उनकी जिंदगी में कुछ नया करने की उमंग क्षीण होने लगती है, इस प्रकार से देखा जावे तो क्षेत्र में बेकार युवाओं की तादाद बढ़ते जाना सचमुच चिंताजनक बात है क्षेत्र में रोजगारोन्मुखी शिक्षा की व्यवस्था, सरकार स्तर के नए, औद्योगिक प्रतिष्ठान, रोजगार के अवसरो के सृजन, बेरोजगार युवाओं के हो रहे आर्थिक शोषण पर अंकुश लगाना अब समय की मॉग है, जिस पर तवज्जो देकर जनप्रतिनिधियो, शासकीय अधिकारियो, समाजसेवी संस्थाओं को क्षेत्र मिटाने सार्थक कदम उठाना चाहिए ताकि क्षेत्र के हर शिक्षित नौजवान को नौकर मिल सके और वह गर्व के साथ अपना जीवन व्यतीत कर सके।

## पुनर्गठन में नागरिकों की सुविधा का रखे ध्यान: श्री मिश्रा

# प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग की बैठक सम्पन्न

नरसिंहपुर

शुक्रवार को मध्यप्रदेश प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग के सदस्य द्वय पूर्व आईएएस एसएन मिश्रा, मुकेश शुक्ला और सचिव अक्षय कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में आयोग द्वारा प्रदेश की भौगोलिक परिस्थितियों एवं जन अपेक्षाओं के आधार पर और अधिक जनोन्मुखी एवं सुलभ प्रशासन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तहसील, उपखंड प्रशासनिक इकाइयों के पुनर्गठन के संबंध में मार्गदर्शी सिद्धांतों से अवगत कराया। साथ ही आयोग के उद्देश्य एवं कार्यप्रणाली से संबंधित जानकारी पीपीटी के माध्यम से दी। इस बैठक में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, पुलिस अधीक्षक श्रीमती मृगाखी डेका, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह, समस्त एसडीएम, नगरीय निकायों के सीएमओ, जनपदों के सीईओ सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।





### नागरिकों की सुविधाओं का रखे ध्यान

बैठक के दौरान श्री मिश्रा द्वारा बताया कि आम जनता की जरूरतों के हिसाब से जिला, तहसील एवं विकासखंड की सीमाओं में परिवर्तन का खांका तैयार होगा। भौगोलिक स्थिति, सांस्कृतिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए जनता को आसानी से प्रशासनिक सेवाएं देने के लिए वर्तमान जिला, तहसील और जनपद, विकासखंडों पर सुझाव लिए जाएंगे। उन्होने निर्देश दिये कि पुनर्गठन की प्रक्रिया में नागरिकों की सहुलियत और सुविधाओं का विशेष ध्यान रख कर जनप्रतिनिधियों एवं जनता से फीडबैक लेकर आपस में समन्वय स्थापित कर प्रस्ताव तैयार किए जाये।

### समीक्षा उपरांत प्रस्तुत होगा प्रस्ताव

बैठक में सचिव श्री सिंह ने निर्देश दिये कि ग्राम स्तर पंचायत स्तर, राजस्व निरीक्षक मंडल स्तर, तहसील स्तर पर अनुविभागीय अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक करें। इसमें किसी भी प्रशासनिक इकाई का कोई युक्तियुक्तकरण, विलोपन, नवीन सृजन किया जाना है, तो उसका उचित प्रस्ताव तैयार कर प्रश्नावली को अद्यतन कर पृथक से शामिल कर कलेक्टर को भिजवायें। जिले की समस्त तहसीलों एवं अनुविभागों की बैठक के उपरांत कलेक्टर अपने स्तर पर अधीनस्थों से प्राप्त प्रस्ताव पर युक्तियुक्तकरण पर वृहद चर्चा कर उस प्रस्ताव को अंतिम रूप से तैयार कर एवं प्रश्नावली को अद्यतन कर आयोग को भेजेंगे। जिला स्तर पर सभी विभागों के जिलाधिकारी से भी चर्चा की जाए ताकि उनके विभागों की कार्य प्रणाली का भी मत आ सके। कलेक्टर समीक्षा उपरांत जिले का एक अंतिम प्रस्ताव बनाकर प्रश्नावली को अद्यतन करेंगे।

### सुगमता से मिले योजनाओं का लाभ

आयोग के सदस्य श्री शुक्ला ने कहा कि शासन की मंशा है कि जनोन्मुखी प्रशासन हो, सुलभ हो, शासन द्वारा जिलों में क्रियान्वित योजनाओं का लाभ आम नागरिकों तक सुगमता से पहुंचे। नागरिकों को समय पर सुविधाओं व योजनाओं का लाभ मिले यह हम सबका नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि तहसील या उपखण्ड बनाने से पहले उनकी भौगोलिक स्थिति, जनसंख्या घनत्व, बुनियादी सुविधाएं और प्रशासनिक जरूरत को प्राथमिकता दी जाएगी। इस कार्य में समन्वय लिए जिला स्तर पर एक नोडल अधिकारी भी नियुक्त किया जायें। उन्होंने कहा कि पुनर्गठन प्रक्रिया में जो भी प्रस्ताव भेजे जाएं वह आम नागरिकों की आवश्यकता के अनुरूप ही तैयार हों। कलेक्टर श्रीमती पटले ने आश्वस्त किया कि सभी आवश्यक प्रस्ताव तैयार कर आयोग को प्रेषित किये जायेंगे और जिले के नागरिकों की सहूलियत और सुविधा का ध्यान रखा जायेगा।

## जिले के चार युवाओं का प्रदेश की क्रिकेट टीम मे चयन



**नरसिंहपुर।** बीते दिनों सागर में आयोजित 68 वीं राज्य स्तरीय अंडर-19 बालक क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें जिले के 05 खिलाड़ियों का चयन जबलपुर संभाग की टीम में हुआ। जबलपुर संभाग में इस प्रतियोगिता में विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। प्रतियोगिता में चाणक्य विद्यापीठ नरसिंहपुर के चैधरी अर्थव शीष सर्वश्रेष्ट बल्लेबाज का पुरूस्कार मिला, चावरा विद्यापीठ के गिडियन फलोमान को सर्वश्रेष्ट गेंदबाज का पुरूस्कार मिला, फिनिक्स विद्यालय के विदित सिंह मैन आफ द सीरिज रहे। यूनिवर्सल पब्लिक हा. स्कूल गोटेगांव के कृष्णा माधवानी ने प्रतियोगिता में अच्छी बल्लेबाजी की जबलपुर संभाग टीम के कोच प्रदीप पटेल एवं मैनेजर पंकज नेमा रहे। नरसिंहपुर के चारों खिलाड़ियों का चयन मध्य प्रदेश की टीम में हुआ। महबूबनगर तेलंगाना में दिनांक 25 अप्रैल 2025 से आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चारो खिलाड़ी भाग लेगे। मध्यप्रदेश टीम का कोच प्रदीप पटेल को बनाया गया हैं। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी, जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी सुनीता यादव सहित अन्य स्टाफ द्वारा हर्ष व्यक्त करते उज्जवल भविष्य शुभकामनाएं दी।



## उपभोक्ताओं के संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**नरसिंहपुर।** गत दिवस जिला शिक्षा अधिकारी प्रशिक्षण केन्द्र के सभागार में उपभोक्ता संरक्षण दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुनील कोठारी वरिष्ठ समाजसेवी, उपभोक्ता फोरम की सदस्य श्रीमती शर्मा, श्री जैन, एस के चतुर्वेदी, एवं बृजभूषण शर्मा द्वारा उपभोक्ताओं के संरक्षण एवं अधिकारों के प्रति उपभोक्ताओं को जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में खाद्य निरीक्षक एस के पांडे, रंजना सिंह , नापतोल निरीक्षक खाद्य एवं औषधि विभाग के अधिकारी के द्वारा भी उपभोक्ताओं को मिलने वाले अधिकारों को बताया गया इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपभोक्ता छात्र-छात्राएं खाद्य विभाग से विक्रेता बंटी राय शशिकांत शुक्ला संजय बरडिया आशीष नेमा श्रीमती किरण दुबे उपभोक्ता भंडार नरसिंहपुर के सभी सदस्य स्व सहायता समूह नरसिंहपुर की समस्त महिला विक्रेता उपस्थिति रहे।

## संत श्री सनकादिक जी महाराज को आगमन आज



**नरसिंहपुर।** श्री श्री 1008 अनंत विभूषित राष्ट्रीय संत श्री सनकादिक जी महाराज चित्रकूट धाम का आगमन श्री देव सिद्ध बाबा मंदिर बाईपास रोड नरसिंहपुर में होने जा रहा है। महाराज श्री 19 अप्रैल से प्रस्तावित श्री राम महायज्ञ के समापन के पश्चात ही चित्रकूट धाम के लिए प्रस्थान करेंगे। शिष्य मंडल एवं सभी धर्म प्रेमियों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में पधारे जिससे यज्ञ के संबंध में भी चर्चा हो सके।

# हत्या के दो आरोपियों को आजीवन कारावास

नरसिंहपुर।

गत दिवस न्यायालय प्रथम सत्र न्यायाधीश अखिलेश कुमार धाकड़ के न्यायालय द्वारा आरोपीगण टेकसिंह उर्फ गिल्ला उर्फ गुड्डू सिंह लोधी उम्र 40 वर्ष सीताराम लोधी उम्र 24 वर्ष, निवासी ग्राम मलाह पिपरिया थाना ठेमी तहसील व जिला नरसिंहपुर को धारा 302 भादवि में आजीवन कारावास एवं 1000-1000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है। जिला मीडिया सेल प्रभारी द्वारा बताया गया कि दिनांक 18.02.2024 को 11:55 बजे फरियादी धरमगिरि ने थाना ठेमी के निरीक्षक एच.आर. मानकर को इस आशय की देहाती नालसी लेख कराई कि वह ग्राम मलाह पिपरिया का निवासी होकर खेती किसानी करता है। उसके चचेरे भाई दया गिरी गोस्वामी का छोटा पुत्र गौतम गिरी दिनांक 17.02.2024 की रात्रि लगभग 08 बजे घर से निकला था जो रात तक घर वापस नहीं लौटा। सुबह लगभग 08:30 बजे उसे जानकारी मिली कि भतीजा गौतम गिरी रात से घर नहीं लौटा है, जिसे उसने फोन लगाया, किंतु उसका फोन बंद आ रहा था। तलाश करने पर पता चला कि चंद्रपुरा गोहे में किसी की हत्या हुई है तो उसने मौके पर जाकर देखा कि उसका भतीजा गौतम गिरि था, जिसके चेहरे, नाक व होंठ वाले हिस्से में धारदार हथियार की चोट हैं, पेंट शर्ट एवं चेहरे पर खून लगा है। ऐसा प्रतीत होता था कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा जान से मारने की नियत से किसी धारदार हथियार से गंभीर चोट पहुंचाकर उसकी हत्या कर दी है। उक्त देहाती नालसी के आधार पर थाना ठेमी में पंच साक्षियों को सूचना पत्र जारी कर उनके समक्ष शव का नक्शा पंचायतनामा तैयार किया गया एवं आवेदन देकर गौतम गिरी के शव का पोस्टमार्टम कराया गया, जिसमें चिकित्सक द्वारा पोस्टमार्टम से 12 घंटे के अंदर मृत्यु होना और मृत्यु का कारण कार्डियो रेस्परेटरी अरेस्ट जो कि मृतक के जैविक अंगों में चोट के कारण होना तथा मृत्यु का प्रकार शॉक व ट्रामा होना प्रतिवेदित किया गया। थाना ठेमी में गौतम गिरी की अप्राकृतिक मृत्यु का पंजीकरण कर मर्ग जांच में लिया गया और अनुसंधान आरंभ किया गया। अनुसंधान के दौरान अभियुक्तगण द्वारा अपराध कारित किए जाने की जानकारी प्राप्त होने पर अभियुक्तगण को अभिरक्षा में लेकर उनके मेमोरेण्डम कथन लेखबद्ध किये गये जिसमें उन्होनें आरोपी टेक सिंह की पुत्री के प्रेम संबंध मृतक गौतमगिरि से होने की बात को लेकर उसकी हत्या कारित करने का सामान्य आशय निर्मित कर घटना दिनांक को मृतक गौतमगिरि को शराब पीने हेतु ऊमर नदी, पीपल के पेड के पास बुलाकर गोहा वाले कच्चे रास्ते पर उसे ले जाकर शराब पीते समय आरोपी टेक सिंह उर्फ गिल्ला द्वारा लोहे के बका से व आरोपी सीताराम द्वारा लोहे की कुल्हाडी से मारपीट कर गौतमगिरि की हत्या कर तार बाडी के नीचे फेंक देना बताया। उक्ष्त के आधार पर थाना में अपराध पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया। मामले की संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। न्यायालय में शासन की ओर से मामले की पैरवी डीपीओ रामकुमार पटेल द्वारा की गई। अभियोजन के द्वारा साक्षियों का परीक्षण कराया गया तत्पश्चात मौखिक तर्क प्रस्तुत किये गये जिनसे सहमत होते हुए न्यायालय द्वारा आरोपीगण टेक सिंह उर्फ गिल्ला उर्फ गुड्डू सिंह लोधी उम्र 40 वर्ष एवं सीताराम लोधी उम्र 24 वर्ष को पृथक - पृथक से धारा 302 भादवि में आजीवन कारावास एवं 1000-1000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है।



## जगह जगह लगाये जा रहे वसूली शिविर

तेंदूखेड़ा

मार्च माह राजस्व वसूली लेखा-जोखा का महत्वपूर्ण माह हुआ करता है।इसे दृष्टिगत रखते हुए नगर परिषद तेंदूखेड़ा द्वारा नगर परिषद तेंदूखेड़ा के लगभग सभी वार्डों में अलग-अलग तिथियों में वसूली शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें संपत्ति कर जल कर के अलावा अन्य करों की वसूली उपभोक्ताओं से विशेष रूप से जमा करने के लिए मुनादी के साथ जमा करने कहा जा रहा है। उपभोक्ताओं को सूचित किया गया है कि यदि मार्च माह में करों की वसूली जमा नहीं की गई तो अप्रेल माह से दुगना भुगतान करना होगा।

# मंडी प्रशासन ने जांच दल गठित कर शुरू की कार्यवाही

तेंदूखेड़ा

*संयुक्त संचालक म. प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड जबलपुर के निर्देशन में प्रभारी सचिव कृषि उपज मंडी समिति तेंदूखेड़ा के मार्गदर्शन में कृषि उपज मंडी समिति तेंदूखेड़ा के उड़नदस्ता जांच दल द्वारा विकास साहू के गोदाम दुकान में अधिसूचित कृषि उपज का अवैध भंडारण करते पाए जाने पर कार्यवाही करते हुए दांडिक राशि कार्यालय में जमा कराई गई है। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार चना 15 क्विंटल मसूर 10 क्विंटल कुल मात्रा 25 क्विंटल दांडिक मण्डी शुल्क राशि 6800 रुपए दांडिक निराश्रित शुल्क राशि 1360 रुपए अग्रिम समझौता शुल्क राशि 1000 रुपये कुल राशि 9160 रुपए सहायक उप निरीक्षक महेंद्र कुमार स्वामी रामकुमार उइके हरिमोहन कौरव प्रमुख रुप से शामिल रहे।*

## बिजली की समस्यायों को लेकर संघ के बैनर तले अधिकारियों से हुई चर्चा

तेंदूखेड़ा

विगत दिवस राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यकार्यपालन अभियंता नरसिंहपुर एवं डी गाडरवारा से विद्युत कार्यालय में बैठक की जिसमें विद्युत से जुड़ी संमस्याओ पर बिंदु बार विस्तरित सार्थक चर्चा हुई समस्याओं के निराकरण के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई जिसमें तेंदूखेड़ा डोभी क्षेत्र के जले ट्रांसफार्मर डोभी सब स्टेशन में बदले जाए मेंटेनेंस के नाम पर की जा रही अघोषित कटौती की भरपाई की जाए एक दिन में 10 घंटे बिजली व्यस्था सुनिश्चित की जाए कुछ किसानों की गलत बिलिंग की गई है संलग्न नोटिसो की जांच कर उनमें सुधार किया जाए । ग्राम खेरुआ इमझिरा खेत वाली लाईन को सुन्हेटी सब स्टेशन से जोड़ा जाय डोभी गुटौरी विद्युत स्टेशन की क्षमता ब्रद्धि की जाए सरकार की घोषणानुसार 5 रुपए में नए विद्युत कनेक्शन किए जाए। उपभोक्ताओं को परेशान करने वाले लाइन मेन की शिकायत यदि 50 किसान लिख कर दे तो लाइनमैन का ट्रांसफर किया जाए ।ग्रामों की खराब केबिल लाइन,ट्रांसफार्मरों की लीड कटआउट बदले जाए




स्थाई कनेक्शन में दूरी की बाध्यता खत्म करने कम बोल्टेज की समस्या का तुरंत निराकरण किया जाए ।अन्य समस्याओं पर भी बात हुई ।संगठन की ओर से देवेंद्र पटेल राव राजेंद्र प्रसाद मुकेश कौरव गिरधारी लाल पटेल महेश पटेल छोटेलाल पटेल आनंद कौरव आशीष कौरव महेंद्र पटेल प्रकाश जी पटेल, माधव ज पटेल चौ गजेंद्र सिंह जितेंद्र कौरव चंद्रशेखर पटेल सतीश पटेल मीडिया प्रभारी शामिल हुए

## दसवीं में 5 तो बारहवीं में 223 बच्चे रहे अनुपस्थित

नरसिंहपुर।

गत दिवस माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा आयोजित परीक्षा में जिले के 87 परीक्षा केंद्रों पर हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट परीक्षा 2025 की कक्षा बारहवीं के एनएसक्यूएफ एंड फिजिकल एजुकेशन विषय एवं कक्षा दसवीं की विज्ञान विषय की परीक्षा आयोजित हुई। जिसमें बारहवीं के एनएसक्यूएफ एंड फिजिकल एजुकेशन विषय में कुल दर्ज 1097 परीक्षार्थी में से 1092 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, 5 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं कक्षा दसवीं वार्षिक परीक्षा का अंतिम पेपर विज्ञान विषय में 14947 परीक्षार्थी में से 14724 परीक्षार्थी उपस्थित एवं 223 अनुपस्थित रहे। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जिला स्तरीय निरीक्षण दल से प्राचार्य राजीव किशोर श्रीवास्तव द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंहपुर बड़ा, एवं भैंसा के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। परीक्षा केंद्रों पर केंद्र अध्यक्ष, सहायक केंद्र अध्यक्ष,पर्यवेक्षकों द्वारा मण्डल के नियमानुसार परीक्षा विधिवत संचालित थी। जिले के अन्य परीक्षा केंद्रों पर भी जिला स्तरीय, विकासखंड स्तरीय निरीक्षण दल द्वारा निरीक्षण किया गया। 22 मार्च को हायर सेकेण्डरी परीक्षा कक्षा बारहवीं की कृषि, होम साइंस, बुक कीपिंग एंड अकाउंटेंसी विषय की परीक्षा निर्धारित केंद्रों पर आयोजित होगी ।

### अवैध रेत चोरी करने वाले आरोपियों को सजा

**नरसिंहपुर।** न्यायालय, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी यश शर्मा के न्यायालय द्वारा अवैध रूप से रेत की चोरी के प्रकरण में आरोपी छिदामी लाल अहिरवार पिता पूरन लाल अहिरवार, आयु 20 वर्ष, निवासी रानी मोहल्ला, ग्राम पलोहा बड़ा, थाना पलोहा बड़ा जिला नरसिंहपुर, अजीत पटेल पिता हजारीलाल पटेल आयु 37 वर्ष, निवासी ग्राम खैरी कला, थाना पलोहा बड़ा जिला नरसिंहपुर को दोष सिद्ध पाते हुए दोनो आरोपीगणो को भा.दं.सं. की धारा- 379/34 में 2 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 600- 600- रूपये अर्थदंड से दंडित किया गया।

## युवक ने खाया जहर, मौत

नरसिंहपुर

गत दिवस खेत काम करने गए युवक ने जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार संगीत पिता नबल सिंह पटेल उम्र 26 वर्ष निवासी बसेड़ी थाना कोतवाली द्वारा अपने ही खेत मे अज्ञात कारणों से जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया। जिसे परिजनों द्वारा उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस मे मर्ग प्रकरण तैयारकर शव का परीक्षण कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।